प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति सं 02/2026)
भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
https://www.trai.gov.in
नई दिल्ली, 02 जनवरी' 2026

**तत्काल प्रकाशन के लिए**

**भादूविप्रा ने कोलकाता लाइसेंस सेवा क्षेत्र (एलएसए) के तहत पश्चिम बंगाल राज्य में कोलकाता टेलीकॉम जिले (टीडी) और कोलकाता टेलीकॉम जिले (टीडी) के 24 परगना (उत्तर और दक्षिण) जिलों के कुछ हिस्सों में नेटवर्क की गुणवत्ता का आकलन किया**

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने नवंबर 2025 माह में कोलकाता एलएसए के लिए अपने स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) निष्कर्ष जारी किए, जिसमें कोलकाता टेलीकॉम जिले (टीडी) के व्यापक शहरी मार्गों और कोलकाता टीडी में 24 परगना (उत्तर और दक्षिण) जिलों के कुछ हिस्सों को शामिल किया गया था। भादूविप्रा क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता की देखरेख में किए गए ड्राइव टेस्ट को विभिन्न उपयोगी परिवेशों- शहरी क्षेत्र, संस्थागत हॉटस्पॉट, व्यावसायिक क्षेत्रों, आवासीय क्षेत्रों आदि में वास्तविक मोबाइल नेटवर्क के निष्पादन को कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किया गया था।

**10 नवंबर 2025 और 15 नवंबर 2025 के बीच,** भादूविप्रा टीमों ने पश्चिम बंगाल राज्य में कोलकाता टीडी और कोलकाता टीडी के 24 परगना (उत्तर और दक्षिण) जिलों के कुछ हिस्सों में विस्तृत परीक्षण किए, जिसमें 308.1 किलोमीटर सिटी ड्राइव टेस्ट, 10 हॉटस्पॉट स्थान और 2.6 किलोमीटर वॉक टेस्ट शामिल थे। मूल्यांकन की गई तकनीकों में 2G, 3G, 4G और 5G शामिल हैं, जो कई हैंडसेट क्षमताओं में उपयोगकर्ताओं के सेवा अनुभव को दर्शाती हैं। आईडीटी के निष्कर्ष पहले ही संबंधित सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को सूचित कर दिए गए हैं।

**मूल्यांकित प्रमुख मापदंड:**

a) **वॉइस सर्विसेज**: कॉल सेटअप सक्सेस रेट (CSSR), ड्रॉप कॉल रेट (DCR), कॉल सेटअप टाइम, कॉल साइलेंस रेट, स्पीच क्वालिटी (MOS), कवरेज।

b) **डेटा सर्विसेज**: डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्रॉप रेट और वीडियो स्ट्रीमिंग डिले।

कोलकाता टीडी और कोलकाता टीडी में 24 परगना (उत्तर और दक्षिण) जिलों के कुछ हिस्सों में समग्र मोबाइल नेटवर्क निष्पादन का सारांश नीचे दिया गया है:

**कॉल सेटअप सक्सेज रेट -** ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की कॉल सेटअप सक्सेज रेट क्रमशः 99.81%, 96.53%, 100.00% और 99.63% है।

**ड्रॉप कॉल रेट -** ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल में ड्रॉप कॉल रेट क्रमशः 0.19%, 2.46%, 0.00% और 0.37% है।

**5G डेटा सर्विसेज** ने सिटी ड्राइव में अधिकतम औसत डाउनलोड स्पीड 273.82 Mbps और अधिकतम औसत अपलोड स्पीड 43.96 Mbps दी।


ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल के मामले में, कुल आईडीटी मार्ग के क्रमशः 0.24%, 7.89%, 0.19% और 1.07% के लिए खराब सिग्नल स्ट्रेंथ देखी गई है।


**कोलकाता टीडी और कोलकाता टीडी में 24 परगना (उत्तर और दक्षिण) जिलों के कुछ हिस्सों में,** मूल्यांकन में निम्नलिखित क्षेत्र शामिल थे - अंतला, बिबिरहाट, महेशतला, जोका, बरुईपुर, राजपुर सोनारपुर, बनतला, हटीसाला, वैदिक विलेज, न्यू टाउन, राजारहाट, साल्ट लेक, मध्यमग्राम, बारासात, बैरकपुर और खरदाहा आदि। भादूविप्रा ने साथ ही इन स्थानों (i) एडमस यूनिवर्सिटी बारासात; (ii) बारासात चंपाडली बस स्टैंड; (iii) बरुईपुर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल बरुईपुर; (iv) इको पार्क मेजर आर्टेरियल रोड

न्यूटाउन; (v) भारतीय प्रबंधन संस्थान कलकत्ता; (vi) करुणामोयी बस टर्मिनस बिधाननगर; (vii) नारायण हौस्पीटल मुकुंदपुर मार्केट, निताई नगर संतोषपुर; (viii) निको पार्क एचएम ब्लॉक सेक्टर IV बिधाननगर; (ix) साइंस सिटी जेबीएस हल्दाने एवीई मिरानिया गार्डन टॉपसिया; (x) उल्टाडांगा हुडको मोड़, में **स्टैटिक टेस्टिंग** के माध्यम से और (i) कॉलेज ऑफ़ मेडिसिन और सागर दत्ता हौस्पीटल कमरहाटी; (ii) जेआईएस यूनिवर्सिटी अगरपारा; (iii) कोलकाता रेलवे स्टेशन में, **वॉक-टेस्ट** के माध्यम से वास्तविक दुनिया की (रीयल वर्ल्ड) स्थितियों का मूल्यांकन किया।

**प्रमुख सेवा गुणवत्ता मापदंडों पर निष्पादन का सारांश:**

**CSSR: कॉल सेटअप सक्सेज रेट (% में), CST: कॉल सेटअप टाइम (सेकंड में), DCR: ड्रॉप कॉल रेट (% में) और MOS: मीन ओपिनियन स्कोर**




**सारांश-वॉइस सेवाएं**

**कॉल सेटअप सक्सेज रेट:** ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की कॉल सेटअप सक्सेज रेट क्रमशः 99.81%, 96.53%, 100.00% और 99.63% की है।

**कॉल सेटअप टाइम:** ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप टाइम क्रमशः 0.73, 3.00, 0.56 और 0.95 सेकंड का है।

**ड्रॉप कॉल रेट:** ऑटो सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल में ड्रॉप कॉल रेट - क्रमशः 0.19%, 2.46%, 0.00% और 0.37% की है।

**कॉल साइलेंस/म्यूट रेट:** पैकेट स्विच्ड नेटवर्क (5G/4G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का साइलेंस कॉल रेट क्रमशः 1.79%, 4.67%, 1.27% और 1.53% का है।

**मीन ओपिनियन स्कोर (MOS):** एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का औसत MOS क्रमशः 4.04, 3.38, 3.89 और 4.33 है।

**सारांश-डेटा सेवाएँ**

**डेटा डाउनलोड निष्पादन (समग्र):** एयरटेल **(5G/4G)** की औसत डाउनलोड स्पीड 244.05 Mbps, बीएसएनएल (4G/3G/2G) की 4.30Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) की 273.82Mbps और वीआईएल (4G/2G) की 36.08 Mbps है।

**डेटा अपलोड निष्पादन (समग्र):** एयरटेल (5G/4G) की औसत अपलोड स्पीड 43.96 Mbps, बीएसएनएल (4G/3G/2G) की 4.71Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) की 32.98 Mbps और वीआईएल (4G/2G) की 12.34 Mbps है।

**लेटेंसी (समग्र):** एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की 50वीं पर्सेंटाइल लेटेंसी क्रमशः 42.20 ms, 56.33 ms, 31.15 एमएस, और 61.96 ms है।

| **डेटा निष्पादन -** | **हॉटस्पॉट (एमबीपीएस में):** | |
|---|---|---|
| एयरटेल - | 4G D/L: 31.80 | 4G U/L: 14.90 |
| | 5G D/L: 197.95 | 5G U/L: 44.78 |
| बीएसएनएल - | 4G D/L: 4.19 | 4G U/L: 5.95 |
| आरआईएल - | 4G D/L: 46.77 | 4G U/L: 10.90 |
| | 5G D/L: 292.71 | 5G U/L: 33.52 |
| वीआईएल - | 4G D/L: 29.19 | 4G U/L: 11.28 |

**नोट- "D/L" डाउनलोड स्पीड, "U/L" अपलोड स्पीड**

ये टेस्ट रीयल वर्ल्ड वातावरण में भादूविप्रा द्वारा सुझाए गए उपकरण और मानकीकृत प्रोटोकॉल का उपयोग करके किए गए थे। विस्तृत रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है। किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए, श्री कौशिक मुखर्जी, सलाहकार (क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता) भादूविप्रा से ईमेल: adv.kolkata@trai.gov.in पर या टेलीफोन नंबर +91-33-22361401 पर संपर्क किया जा सकता है।

**(कौशिक मुखर्जी)**

**सलाहकार, भादूविप्रा क्षेत्रीय कार्यालय कोलकाता**